एक नजर

सांसद खेल प्रतियोगिता संपन्न विजेताओं को मिले पुरस्कार

इंदौर(नप्र)। लालबाग परिसर मैदान में आयोजित सांसद खेल प्रतियोगिता का भव्य समापन उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि प्रतियोगिता में पारंपरिक खेलों पिट्ठू, योग, कबड्डी और खो-खो का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं, बच्चों और स्थानीय खेल प्रेमियों ने भाग लिया।विजेता टीमों को सांसद शंकर लालवानी, मोयरा सरिया के डायरेक्टर संदीप जैन, योगेश गर्ग, नवीन गौड़ और गुलाब सिंह चौहान ने नगद पुरस्कार, मेडल और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमा ा पत्र भी दिए गए। कार्यक्रम का संचालन ईश्वर सिंह चौहान एवं आभार प्रदर्शन रोहित बाजपई ने किया। प्रतियोगिता के परि ाम इस प्रकार है: योग में प्रसन्न योग प्रथम, श्री वै ाव एकेडमी द्वितीय, योग स्पोर्ट्स क्लब तृतीय। पिट्ठू में इंदौर जिला पिट्ठू क्लब प्रथम, पिट्ठू क्लब इंदौर द्वितीय, सेक्रेट हार्ड क्लब तृतीय।।कबड्डी में विक्रम स्पोर्ट्स क्लब प्रथम, इंदौर वांडर्स क्लब द्वितीय, लक्की स्पोर्ट्स केयर तृतीय। खो-खो में हैप्पी वांडर्स ए टीम प्रथम, गारमेंट पब्लिक स्कूल द्वितीय, हैप्पी वांडर्स बी टीम तृतीय।

सेना के सम्मान में निकली तिरंगा यात्रा में शामिल हुए इंडेक्स समूह के छात्र

इंदौर(नप्र)। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना की सराहना करने के लिए आज इंदौर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में मुख्यमंत्री मोहन यादव और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय,महापौर पुष्यमित्र भार्गव,सांसद शंकर लालवानी सहित कई विधायकों के साथ बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल हुए। बड़ा ग ापति से राजवाड़ा तक निकाली गई तिरंगा यात्रा में इंडेक्स समूह संस्थान, मालवांचल यूनिवर्सिटी के मेडिकल, एग्रीकल्चर, डेंटल, फॉमेर्सी,पैरामेडिकल सहित विभिन्न संस्थान के विद्यार्थी बड़ी संख्या में शामिल हुए। के हाथ में तिरंगा और जुबां पर भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारे थे। तिरंगा यात्रा में इंडेक्स समूह संस्थान के विद्यार्थियों के साथ एडिशनल डायरेक्टर डॉ.आर सी यादव,डॉ.दीप्ति सिंह हाडा,डॉ.धीरज शर्मा,डॉ.राजेंद्र सिंह,अजय कुमार गौड़,डॉ.शिवम कुमार,शिवम कुशवाहा,मयंक त्रिपाठी सहित अधिकारी ग ा उपस्थित थे।

इंदौर में 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाए

मेट्रो की कंस्ट्रक्शन कंपनी के कर्मचारी बोले- एक रात में पूरा भारत साफ, पीएम मोदी पर भी की अभद्र टिप्प ी

इंदौर (नप्र)। गांधी नगर क्षेत्र में मेट्रो की कंस्ट्रक्शन कंपनी के एक कर्मचारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की और पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। ये भी कहा कि पूरा भारत एक रात में साफ। एक आरोपी युवक की पहचान मोहम्मद जावेद पिता किताब अंसारी के रूप में हुई है। उसे गिरफ्तार कर लिया है।

मामले में श्री राजपूत करणी सेना की शिकायत पर गांधी नगर थाना पुलिस ने देश विरोधी गतिविधियों और पीएम पर अभद्र टिप्पणी करने को लेकर एफआईआर दर्ज की है। घटनाक्रम गुरुवार रात का बताया जा रहा है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

कर ाी सेना ने वीडियो मिलते ही युवकों को पकड़ा

करणी सेना के सदस्यों को जावेद के गांधी नगर स्थित कैंप में होने की जानकारी मिली। इसके बाद संगठन के कुछ कार्यकर्ता वहां पहुंचे और उसकी पिटाई कर दी। बाद में युवक को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक, जावेद मेट्रो प्रोजेक्ट से जुड़ी यूआरसी केंप में कार्यरत है। गांधी नगर पुलिस ने करणी सेना की शिकायत पर जावेद और उसके एक साथी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो की सत्यता की जांच की जा रही है। आरोपी से पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

होटल के कर्मचारियों ने होटल में रूके व्यक्ति को बनाया बंधक

एक लाख रुपये की गयी थी मांग, दो आरोपी गिरफ्तार

इंदौर (नप्र)। होटल में रुके व्यक्ति के साथ मारपीट कर बंधक बनाने के मामले मं पुलिस ने दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है।

सहायक पुलिस आयुक्त विजयनगर इंदौर आदित्य पटले ने बताया कि शुक्रवार को फरियादी गणेश पिता सुरेश पाटील उम्र 32 साल निवासी 105 लक्ष्मीपुरी इन्दौर ने बताया कि मैं अपने दोस्तों के साथ होटल मून डे लाईट हरेकृष्ण विहार कालोनी इन्दौर में रूका था तभी मेरे दोस्त किसी कारण से बाहर गये थे व वापस आने पर होटल स्टाफ व मैनेजर संदीप पटेल के द्वारा मेरे दोस्त से मेरी अभद्र व्यवहार की शिकायत की व मुझे होटल के कमरे बंद कर दिया व मेरे साथ होटल के मैनेजर संदीप पटेल व स्टाफ के द्वारा मारपीट की गयी तथा लडकी व चरस गांजे के केश में फंसाने की धमकी दी व स्टांप पर लिखापढी की व एक लाख रुपए की मांग की बाद मुझे छोडा । फरियादी की रिपोर्ट से थाना लसुडिया पर आरोपियान संदीप पटेल व शुभम व अन्य साथियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । थाना प्रभारी लसुडिया तारेश कुमार सोनी के द्वारा एक टीम गठित कर आरोपियों के गिरफ्तारी हेतु पाबंद किया गया । गठित टीम द्वारा आरोपियान संदीप पटेल पिता जगदीश पटेल नि, 314 पिंक सिटी इन्दौर स्थाई पता ग्राम टिटोरिया तह. आष्टा जिला सीहोर और शुभम पिता श्याम कुशवाह नि. विपतपुरा हनुमान मंदिर के पास नरसिंहपुर हा.मु. मून डे लाईट हरेकृष्ण विहार कालोनी इन्दौर को गिरफ्तार किया गया व गिरफ्तार आरोपियों से अन्य आरोपियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है ।

होटल में महिला कर्मचारी से छेड़छाड़

इंदौर (नप्र)। लसूडिया की एक होटल में हनी ट्रेप को लेकर एक मैसेज वायरल हुआ। पुलिस जब जांच करने पहुंची तो मामला होटल की महिला कर्मचारी से छेड़छाड़ के बाद पिटाई का निकला। पुलिस ने जांच के बाद युवक की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है। वहीं दूसरे पक्ष से भी शिकायती आवेदन लिया गया है।

टीआई तारेश सोनी के मुताबिक एक मैसेज सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसमें बताया गया कि इंदौर की एक होटल टङ्ख्न्ल्ल उंट छँ३ (हरे कृष्णा विहार, निपानिया) में गणेश पाटिल नाम के युवक को हनी ट्रैप कर मारपीट करते हुए 10 लाख रुपए की मांग की गई।

होटल स्टाफ और एक लड़की ने मिलकर छेड़छाड़-बलात्कार के झूठे केस में फंसाने की धमकी देते हुए मारपीट कर जबरन स्टाम्प पर साइन करवाए। होटल के कमरे में बंद कर बार-बार पीटा गया। बाद में धमकी देकर छोड़ा गया।

द पार्क इंदौर में आम उत्सव की शुरूआत

इंदौर(नप्र)। गर्मियों के मौसम को खास बनाने के उद्देश्य से द पार्क इंदौर ने 16 मई 2025 से एक अनोखे आम उत्सव की शुरूआत की है। 25 मई तक चलने वाला यह स्वाद उत्सव हर दिन रात्रि भोज (डिनर टाइम) के दौरान आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मेहमानों को भारत के विभिन्न हिस्सों से लाए गए ताजे और खास किस्म के आमों का स्वाद लेने का अवसर मिलेगा।

नगर निगम की टीम पर पथराव

सफाई को लेकर सरकारी वाहन में तोड़फोड़, दर्ज कराया एक-दूसरे पर केस

इंदौर(नप्र)। राजेंद्र नगर में शुक्रवार को नगर निगम की टीम पर पथराव हो गया। विवाद इतना बढ़ते-बढ़ते मारपीट और तोड़फोड़ तक पहुंच गया। नगर निगम के कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि स्थानीय दुकानदारों ने उनके साथ मारपीट की और निगम की गाड़ी पर पथराव कर कांच फोड़ दिए। वहीं, दुकानदारों का आरोप है कि सफाई के दौरान गंदा पानी दुकान में घुस गया, विरोध करने पर कर्मचारियों ने दुकान में घुसकर मारपीट की और तोड़फोड़ की।

पुलिस के मुताबिक, नगर निगम जोन 21 के दरोगा जयराज जाधव निवासी रावजी बाजार की शिकायत पर पुलिस ने राज, बॉबी, रोहित शर्मा, निशांत नायडू, गब्बु, साहिल सहित अन्य के खिलाफ जातिसूचक शब्द कहने, मारपीट करने और शासकीय वाहन में तोड़फोड़ करने का मामला दर्ज किया है।

जयराज ने बताया कि वार्ड 80 के दत्त नगर क्षेत्र में शिकायत नंबर 6759354 के तहत ड्रेनेज चोक की समस्या आई थी। सफाई के लिए कर्मचारियों भरत जाधव और मोहित छपरी को भेजा गया। कुछ देर बाद दोनों का कॉल आया कि मौके पर कुछ लोग अपशब्द कह रहे हैं। जयराज मौके पर पहुंचे तो राज और बॉबी नामक युवक उनसे भी अभद्र भाषा में बात करने लगे। समझाइश देकर वे लौट आए।

इसके बाद आरोप है कि कुछ घंटे बाद रोहित शर्मा, निशांत नायडू, साहिल, गब्बु और अन्य युवक लाठी, डंडे और प्लास्टिक पाइप लेकर नगर निगम के जोनल कार्यालय पहुँच गए। वहां खड़ी शासकीय गाड़ी पर पथराव और डंडों से हमला कर तोड़फोड़ कर दी गई।

शराब पिलाने की बात पर से हुई हत्या के प्रयास की घटना के दो आरोपी गिरफ्तार

इंदौर(नप्र)। इंदौर शहर मे अपराधों पर नियंत्र ा हेतु प्रभावी कार्यवाही के लिए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के तारतम्य में पुलिस थाना हीरानगर द्वारा ' हत्या के प्रयास की घटना के 2 आरोपियों को अपराध पंजीबद्ध के 24 घ टे के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मजरूह दीपेश सिंह भदौरिया पिता स्व. महेन्द्र सिंह उम्र 28 साल नि. न्यू गौरी नगर इंदौर शराब पिलाने से हुए विवाद से बचने के लिये मैं मेरे दोस्त के साथ खातीपुरा वाईनशाप से निकलकर गौरी नगर पटेल मार्केट आ गये। तभी कुछ देर बाद अंकुर भदौरिया, रवि नरगावे और काशी सूर्यवंशी तीनों वहां पर आ गये और मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी। मैंने उसकी मारपीट का विरोध किया तो अंकुर ने अपने पेंट की जेब से एक चाकू निकाला और मुझ पर जान से मारने की नियत से हमला कर घायल कर दिया।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुर्व में मेरा नाम **अतुल कुमार कंसल** था जिसे परिवर्तित कर अब मेरा नाम **अतुल कंसल** हो गया है अत: अब मुझे भविष्य मे **अतुल कंसल** के नाम से जाना पहचाना जावे।

अतुल कंसल पिता विश्वनाथ कंसल
निवासी 166, छत्रपती नगर, इन्दौर (म.प्र.)
पिनकोड-452005 मो. 9827268711

CHANGE IN NAME

I PRATHVI KUMAR CHAVAN S/O ARJUN CHAVAN Here by Declare That I have changed My name as PRATHVI CHAVAN so, from now and In future I will be known by my new name.
PRATHVI CHAVAN S/O ARJUN CHAVAN
Address:-T-16 FLAT NO 502 TRESSURE TOWN BIJALPUR A B ROAD INDORE M.P 452012

Change In Name

IABIZER SABADARY S/O MURTAZA SABADARY here by declared that I have changed my name as ABIZER SAFDARI S/O MURTAZA SAFDARI. So from now and in future I will be known my new name ABIZER SAFDARI S/O MURTAZA SAFDARI.
ADD: Ward No. 13, Gujari Chouk, Rajpur, DIST. BARWANI (M.P) 451447

SHIVAJIRAO KADAM INSTITUTE OF PHARMACEUTICAL EDUCATION AND RESEARCH, INDORE
(ESTD-2009)

APPLICATION ARE INVITED FOR THE JUNIOR RESEARCH FELLOW (POST-1)

Applications are invited for Junior Research Fellow (Post-1) in the research Project Entitled 'Solid Lipid Microparticles gel loaded with Herbal Extracts for Acne Treatment' Sponsored by MP Council of Science and Technology, Bhopal to Shivajirao Kadam Institute Of Pharmaceutical Education And Research, Indore, for two years research Project with fellowship of Rs 20,000/Month. The Candidates must hold M Pharm in Pharmaceutics/Industrial Pharmacy branch with minimum of 60% marks.
Interested applicants have to mail their resume to shikhaagrawal@skitm.in on or before 15 May 2025. The Shortlisted candidates will be invited for one to one interview.

PI: Dr. Shikha Agrawal CO PI: Dr. Mohd Rizwan Khan

मेट्रो कम्पनी के नए एमडी ने सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर का किया निरीक्षण

प्रोजेक्ट समझा, मेट्रो में बैठे और फिर की समीक्षा

एस कृष ा चैतन्य ट्रैनिंग है उनके स्थान पर संकेत एस. भोंडवे नए एमडी बने

- पहली बार इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट का किया दौरा
- सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर के बारे में अफसरों से ली जानकारी
- समीक्षा बैठक में निगम कमिश्नर और आईडीए सीईओ भी शामिल हुए

इंदौर (नप्र)। मेट्रो कम्पनी के एमडी एस कृष्ण चैतन्य ट्रैनिंग पर जाने की वजह से सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संकेत एस. भोंडवे, को मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन का एमडी बनाया है। उन्होंने शुक्रवार को इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट की सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर के सुपर कॉरिडोर स्टेशन नम्बर 3 से गाँधी नगर स्टेशन के साथ-साथ डिपो का भी गहन स्थलीय निरीक्षण किया तथा सभी स्टैकहोल्डेर्स के साथ समीक्षात्मक बैठक की।

इस मौके पर कम्पनी के अधिकारियों ने नए एमडी भोंडवे को निरीक्षण के दौरान सुपर कॉरिडोर स्टेशन नम्बर 3, सुपर कॉरिडोर स्टेशन नम्बर 4, सुपर कॉरिडोर स्टेशन नम्बर 05, सुपर कॉरिडोर स्टेशन नम्बर 6 तथा गाँधी नगर स्टेशन पर ट्रेन परिचालन के लिए निर्मित विभिन्न कार्यों के साथ स्टेशन कंट्रोल रूम, टिकट ऑफिस, टेलिकॉम ईक्विपमेंट रूम, ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर आदि सभी पहलुओं के बारे में जानकारियों से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने यहां की तमाम व्यवस्थाओं को भी देखा।

स्टेशन स्थल पर साफ-सफाई विशेष ध्यान के निर्देश- मेट्रो स्टेशनों मे आमजन से संबंधित सुविधाओं जैसे एंट्री-एग्जिट पॉइंट्स (आगमन व प्रस्थान) स्थल, टिकट काउन्टर, सूचना प्रदर्शन प्रणाली, मेट्रो ट्रेन मे यात्रियों संबंधित सुविधाओं-आपातकालीन द्वार, बटन इत्यादि के साथ-2 स्टेशन स्थल पर साफ-सफाई विशेष ध्यान के निर्देश दिए। तत्पश्चात प्रबंध संचालक द्वारा मेट्रो डिपो मे स्थलीय निरीक्षण किया एवं डिपो के परिचालन नियंत्रण कक्ष मे कार्यविधि से अवगत हुए तथा बेहतर यात्री सुविधाओं के प्रति सजग रहने के लिए निर्देश दिए। डिपो स्थल मे वृहद तरीके से हरियाली बढाने व पेड़-पौधों को लगाने के लिए निर्देश दिए साथ ही डिपो परिसर मे खाली स्थान का कैसे बेहतर उपयोग कर सकते हैं उसके लिए अधिकारियों को इस दिशा मे क्रियान्वयन के लिए निर्देश दिए ।

अफसरों के साथ समीक्षा बैठक - एमडी ने अपने दौरे की शुरुआत गाँधी नगर डिपो पहुँचकर की। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारियों, जनरल कंसल्टेंट और कान्ट्रैक्टर के साथ मेट्रो ट्रेन परिचालन में डिपो की महत्ता लेकर सम्पूर्ण मेट्रो कोरिडोर मे चल रहे कार्यों से रुबरु हुए। निरीक्षण के बाद एमडी ने अधिकारियों को साथ लेकर प्रोजेक्ट पर समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक में निगम कमिश्नर शिवम वर्मा, आईडीए सीईओ आर.पी अहिरवार कम्पनी के अधिकारी शोभित टंडन, निदेशक (सिस्टम), अजय गुप्ता, निदेशक (प्रोजेक्ट्स), अजय कुमार महाप्रबंधक सिविल (भूमिगत), रणवीर सिंह राजपूत, महाप्रबंधक सिविल (एलेवेटेड), श्री राजीव कुमार गोयल, महाप्रबंधक (ऐड्मिन) के साथ-साथ जनरल कंसल्टेंट और मेट्रो निर्माण संवेदकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

डी.पी. आभूषण लिमिटेड

DP

CIN: L74999MP2017PLC043234
Regd. Office: 138, चांदनी चौक, रतलाम (म.प्र.) - 457001, भारत
Corp. Office: 19, चांदनी चौक, रतलाम (म.प्र.) - 457001, भारत
दूरभाष क्रमांक: +91 -7412 -490966, 247121, E-mail: cs@dpjewellers.com; Website: www.dpjewellers.com

31-03-2025 को समाप्त होने वाले तिमाही एवं वित्तीय वर्ष के लिए अंकेक्षित वित्तीय परिणाम

आंकड़े लाख में
(प्रति अंश आय को छोड़कर)

विवरण	मानक वित्तीय परिणाम		
	समाप्त तिमाही के लिए		समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए
	31-03-2025 अंकेक्षित	31-03-2024 अंकेक्षित	31-03-2025 अंकेक्षित
व्यापार से कुल आय	71764.12	55685.25	331234.54
शुद्ध लाभ (कर और असाधारण वस्तुओं से पहले)	3458.23	2254.01	15097.65
शुद्ध लाभ (कर से पहले और असाधारण वस्तुओं के बाद)	3458.23	2254.01	15097.65
शुद्ध लाभ (कर और असाधारण वस्तुओं के बाद)	2515.29	1619.58	11269.55
कुल व्यापक आय (कर एवं अन्य व्यापक आय के बाद)	2515.91	1626.62	11247.13
सामान्य अंश पूंजी (प्रति अंश रुपया 10/-)	2266.04	2225.49	2266.04
संचय (पिछले वर्ष की अंकेक्षित तलपट के अनुसार पुनर्मूल्यांकित संचय को छोड़कर)			38147.46
प्रति अंश आय (जारी और बंद किए गए व्यापार के लिए)			
मूल: (समाप्त तिमाही के लिए, बिना वार्षिक किए)	10.96	7.28	50.04
मिश्रित: (समाप्त तिमाही के लिए, बिना वार्षिक किए)	10.92	7.28	49.98

टिप्पणियाँ:
उपरोक्त वित्तीय परिणाम सेबी (सूचि निर्धारण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और बंबई स्टॉक एक्सचें लिमिटेड के साथ दायर वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक भाग है। 31-03-2025 को समाप्त तिमाही एवं वित्तीय वर्ष के वित्तीय परिणाम NSE की वेबसाइट www.nseindia.com, BSE की वेबसाइट www.bseindis.com और कंपनी की वेबसाइट www.dpjewellers.com पर उपलब्ध हैं और इसे नीचे दिए गए QR कोड को स्कैन करके एक्सेस किया जा सकता है।

दिनांक: 16 मई, 2025
स्थान: रतलाम

डी. पी. आभूषण लिमिटेड
-एस डी -
संतोष कटारिया, प्रबंध निर्देशक
DIN - 02855068

विस्तृत वित्तीय विवरण के लिए इस क्यूआर कोड को स्कैन करें